

# स्वास्थ्य अधिकार

## इटली में विदेशी नागरिकों के लिए

यह पुस्तिका आपको अपने अधिकारों को समझने में मदद करने के लिए तैयार की गई है और यह बताने के लिए कि आप इटली में राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा तक कैसे पहुंच सकते हैं। अगर आप यूरोपीय संघ के नागरिक हैं, गैर-यूरोपीय संघ के नागरिक हैं, या निवास परमिट वाले या बिना परमिट वाले व्यक्ति हैं, तो इस पुस्तिका में आप उन सेवाओं तक पहुंचने और इसका उपयोग करने के बारे में जानकारी पा सकते हैं।

## यूरोपीय संघ (UE) के नागरिक

**इटली में आपके निवास की अवधि के आधार पर आपके स्वास्थ्य अधिकार बदलते हैं।**

- **3 महीने से कम समय तक रहना।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा (SSN) के साथ पंजीकरण जरूरी नहीं है, **आप यूरोपीय स्वास्थ्य बीमा कार्ड (EHIC यानी TEAM इतालवी में) का उपयोग कर सकते हैं।** एक इतालवी नागरिक की तरह EHIC आपको तुरंत और ज़रूरी इलाज प्राप्त करने की अनुमति देती है।
- **3 महीने से ज़्यादा समय तक रहना।** यदि आप एक नियोजित या स्व-नियोजित कर्मचारी हैं; यदि आप EHIC विद्यार्थी हैं; यदि आप पहले से ही वहां रह रहे किसी यूरोपीय संघ के नागरिक के आश्रित परिवार के सदस्य हैं तो आप SSN के साथ पंजीकरण कर सकते हैं। SSN के साथ पंजीकरण करने के लिए, अपने क्षेत्र में स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र (ASL) से संपर्क करें, अपने साथ अपनी EHIC/TEAM कार्ड, एक पहचान दस्तावेज और अपने निवास के अधिकार का प्रमाण (जैसे रोजगार अनुबंध या निवास का प्रमाण पत्र) लेकर आएं।
- यदि आप लंबे समय से इटली में हैं और आपके पास EHIC/TEAM नहीं है (क्योंकि यह आपके देश द्वारा नहीं दिया गया है) और आप निवासी नहीं हैं, आप काम नहीं करते हैं और आप सामाजिक रूप से कमज़ोर स्थिति में रहते हैं, इन स्थितियों में, कुछ क्षेत्रों में एक कोड जारी किया जाता है जो तत्काल और आवश्यक देखभाल तक पहुंच की अनुमति देता है (ENI: गैर-पंजीकृत यूरोपीय)

## निवास परमिट वाले गैर-यूरोपीय संघ के नागरिक

**यदि आपके पास वैध निवास परमिट है, तो आपको SSN के साथ पंजीकरण कराना होगा।**

**SSN के साथ पंजीकरण उन लोगों के लिए अनिवार्य और मुफ़्त है जो:** कर्मचारी या स्वरोजगार के लिए निवास परमिट है; जो रोजगार की प्रतीक्षा कर रहा है; पारिवारिक कारणों से परमिट वाले लोग; शरण या अंतर्राष्ट्रीय या विशेष सुरक्षा का अनुरोध करने वाले; गर्भवती महिलाएं या स्वास्थ्य संबंधी परमिट वाली महिलाएं (उन लोगों को छोड़कर जिन्होंने उपचार के लिए परमिट लेकर इटली में प्रवेश किया है); सभी नाबालिगों को, भले ही उनके पास निवास परमिट न हो।

SSN के साथ पंजीकरण करने के लिए, सब से नजदीकी ASL जा के आपको अपना निवास परमिट (या पुलिस मुख्यालय में अपॉइंटमेंट और निवास परमिट का अनुरोध), फिस्कल (टैक्स) कोड और निवास प्रमाण पत्र (या अधिवास), लाना होगा।

यदि आप ऊपर सूचीबद्ध लोगों की श्रेणियों में शामिल नहीं हैं, तो SSN के साथ पंजीकरण अनिवार्य नहीं है। लेकिन **आप हर साल शुल्क का भुगतान करके SSN के साथ पंजीकरण करने के चुन सकते हैं** (न्यूनतम 2,000 यूरो, छात्रों और अन्य श्रेणियों के लिए छूट उपलब्ध है)। यह आपको सभी SSN स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंचने की अनुमति देता है। या फिर आप शुल्क देकर निजी स्वास्थ्य बीमा का उपयोग कर सकते हैं।

## निवास परमिट के बिना नागरिक

**यदि आपके पास निवास परमिट नहीं है, तो STP कोड** (अस्थायी उपस्थित विदेशी) प्राप्त करने से **आपके तत्काल और आवश्यक उपचार के अधिकार की हमेशा गारंटी होती है।** यह जानने के लिए कि क्या आप इसका अनुरोध करने के हकदार हैं, अपने निकटतम ALS से संपर्क करें। एसटीपी कोड मुक्त है, गुमनाम और 6 महीने के लिए वैध (नवीकरणीय) है। इससे आप प्राप्त कर सकेंगे: तत्काल और जरूरी उपचार; गर्भावस्था और प्रसव के दौरान सहायता; अनिवार्य टीकाकरण; मुक्त एचआईवी (HIV) जांच और संक्रामक रोगों का उपचार। इटली के कई क्षेत्रों में सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाएं और मानवीय संगठन हैं जो बुनियादी स्वास्थ्य उपचार प्रदान करते हैं। यदि कोई विदेशी बिना निवास परमिट के स्वास्थ्य सेवाओं का उपयोग करता है, तो उसकी सूचना पुलिस को नहीं दी जाएगी।

## गैर-यूरोपीय संघ देश के नागरिक महिलाएँ

**यदि आप किसी गैर-यूरोपीय संघ देश के नागरिक हैं, गर्भावस्था की स्थिति में आप टेम्परेरी निवास परमिट का अनुरोध करने के हकदार हैं।** यह परमिट संपूर्ण गर्भावस्था अवधि और प्रसव के बाद 6 महीने के लिए वैध है और आपको SSN के साथ अस्थायी पंजीकरण करने की अनुमति देता है। यह आपको गर्भावस्था के दौरान मुफ्त स्वास्थ्य देखभाल, प्रसव के लिए अस्पताल में भर्ती होना, प्रसव के बाद की अवधि और गर्भावस्था के कारण होने वाली किसी भी बीमारी का उपचार की गारंटी देता है। बच्चे को SSN में भी पंजीकृत होना चाहिए। अस्थायी निवास परमिट प्राप्त करने के लिए, आपको गर्भावस्था को प्रमाणित करने वाला और प्रसव की अपेक्षित तारीख का साबुत देने वाला चिकित्सा प्रमाण पत्र के साथ पुलिस मुख्यालय जाना होगा।

सभी महिलाओं, इतालवी और विदेशी दोनों को, गर्भनिरोधक, स्त्री रोग संबंधी जांच, गर्भावस्था सहायता और गर्भावस्था की स्वैच्छिक समाप्ति के लिए परिवार परामर्श केंद्रों में जानकारी और मुफ्त सहायता प्राप्त करने का अधिकार है।

सभी महिलाओं को, चाहे वे इतालवी, यूरोपीय संघ की या विदेशी हों, अपने नवजात शिशु को अस्पताल में जन्म देने लेकिन उसे अपने बेटे को वैधता न देने का अधिकार है। वैधता न देना कोई अपराध नहीं है वैधता न देना कोई अपराध नहीं है और पुलिस को रिपोर्ट किये जाने का कोई खतरा नहीं है। बच्चे को जन्म देने से पहले महिला को स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को यह बताना होगा कि वह नवजात को वैधता नहीं देना चाहती है। थोड़े ही समय में उसे एक परिवार को सौंप दिया जायेगा जो उसकी देखभाल करेगा। गुमनामी की पूरी गारंटी है।

## गैर-इतालवी नागरिकता वाले नाबालिग

**सभी विदेशी नाबालिगों (पर्यटकों को छोड़कर) को SSN के साथ पंजीकरण करने का अधिकार है और जन्म से लेकर 14 साल तक अपनी पसंद के अनुसार बाल रोग विशेषज्ञ की नियुक्ति की जा सकती है, और उसके बाद, 18 साल के उम्र तक सामान्य चिकित्सक की नियुक्ति की जा सकती है।** सभी विदेशी नाबालिगों को मुक्त चिकित्सा उपचार और अनिवार्य टीकाकरण का अधिकार है, भले ही उनके पास वैध निवास परमिट न हो।

मदद कहां मिल सकती है?

- **ASL:** SSN के साथ पंजीकरण करने और क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच की जानकारी के लिए संदर्भ केंद्र।
- **परिवार परामर्श केंद्र:** महिलाओं, दम्पतियों/परिवारों और युवाओं के स्वास्थ्य के लिए समर्पित केंद्र।
- **ASL का जनसंपर्क कार्यालय (URP):** आपको स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में जानकारी प्राप्त करने में मदद करता है, आपके प्रश्नों का उत्तर देता है और स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए शिकायतों का रिपोर्ट करता है।

यहां आप कई भाषाओं में गर्भनिरोध, IVG और स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में अधिक जानकारी पा सकते हैं

स्वास्थ्य मंत्रालय के तकनीकी और वित्तीय सहयोग

से कार्यान्वित परियोजना – CCM

हम ब्रोशरों के अरबी, चीनी, फ्रेंच, हिंदी, अंग्रेजी और स्पेनिश भाषाओं में अनुवाद के लिए ASL रोमा 1 के SAMIFO सेंटर को धन्यवाद देना चाहते हैं। रोमानियाई अनुवाद के लिए ARCI रोमा को धन्यवाद।